राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : लेखाशास्त्र
पाठ 18 : वित्तीय विवरण
कार्यपत्रक - 18

1. क्या लेखांकन समायोजन करना आवश्यक है?
2. असामान्य हानियों से आप क्या समझते हैं? लेखा पुस्तकों में इसके लेखांकन व्यवहार की चर्चा कीजिए।
3. 1 अप्रैल, 2020 को अप्राप्य ऋण संचय खाता का शेष रु 4,500 खाता बही के हिसाब से अप्राप्य ऋण का शेष रु 1,700 था।देनदारों की राशि रु 10,000 थी। खाता बही को बंद करने के बाद, यह पाया गया कि डूबत ऋण रु1,000 थे।देनदारों पर 5% की दर से संदिग्ध ऋण का प्रावधान किये जाने का निर्णय लिया गया।रोज़नामचा में प्रविष्टियाँ कीजिए तथा इन मदों को लाभ-हानि खाते तथा तुलन-पत्र में दिखाइए।

4. निम्नलिखित समायोजनों के लिए आवश्यक रोजनामचा में प्रविष्टियाँ कीजिए :
   i. वर्ष में रु 30,000 के कुल प्राप्त कमीशन का 1/3 हिस्सा अगले वर्ष के लिए है।
   ii. वर्ष में आहरण पर ब्याज रु 550 लगाया गया।

5. "कभी-कभी आय वास्तव में देय होने से पहले प्राप्त होती है"। इस कथन के संदर्भ में अनुपार्जित आय की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। एक उदाहरण की सहायता से इसके लेखांकन प्रक्रिया को भी समझाइए।

6. एक फर्म का कमीशन से पहले शुद्ध लाभ रु. 1, 25,000 है। फर्म के प्रबंधक को शुद्ध लाभ का 10% कमीशन मिलना है।निम्नलिखित वैकल्पिक मामलों में प्रबंध का कमीशन की गणना कीजिए: -

- यदि प्रबंधक को कमीशन लगाने से पहले शुद्ध लाभ पर कमीशन मिलना है।
- iiयदि प्रबंधक को कमीशन इस कमीशन के लगाने के बाद के शुद्ध लाभ पर मिलता है।
  31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के अंत में खातों इसके व्यवहार को दर्शाइए।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : लेखाशास्त्र

पाठ 18 : वित्तीय विवरण

कार्यपत्रक - 18

7. देनदार के समायोजन पर छूट के प्रावधान को उदाहरण सहित समझाइए।

8. व्यवसाय स्वामी द्वारा वस्तुओं के आहरण के लेखांकन वितरण की विवेचना कीजिए।

9. आपके मित्र राज ने 10,000 रुपये मूल्य का माल मुफ्त नमूने के रूप में वितरित किया है। उसके बहीखातों में इस तरह के लेन-देन का क्या असर होगा?

10. एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से खातों की पुस्तकों में अचल संपत्तियों के मूल्यह्रास से संबंधित समायोजन पर चर्चा कीजिए।